हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

8 दिवंगत माता-पिता की याद में किया पौधरोपण



8 स्वास्थ्य विभाग को मिले तीन डेंगू पॉजिटिव, आंकड़ा 24



## खबर संक्षेप

### कब्जा कार्रवाई का विरोध करने पर पांच नामजद

**जींद।** गांव पौली में सरकारी जमीन पर कब्जा करने तथा कारवाई केदौरान अमले का विरोध करने पर जुलाना थाना पुलिस ने तहसीलदार की शिकायत पर पांच लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जुलाना तहसीलदार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव पौली में सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा हुआ था।

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**कैथल।** गांव नरड़ के पास कार की चपेट में आने से बाइक चालक युवा की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव करोड़ा के 26 वर्षीय मनोज के रूप में हुई है। हादसा बुधवारत रात करीब 8 बजे का है। मृतक की पहचान गांव करोड़ा के रहने वाले 26 वर्षीय मनोज के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मनोज की करीब 5 महीने पहले शादी हुई थी।

### लिंक को क्लिक करना पड़ा महंगा, 2. 33 लाख गायब

**जींद।** मोबाइल फोन पर आए लिंक को क्लिक करना एक व्यक्ति मंहगा पड़ गया। साइबर ठग ने व्यक्ति के क्रेडिट खाते से दो लाख 33 हजार 864 रुपये की राशि को ट्रांसफर कर लिया। साइबर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। नगर निवासी तरूण ने शिकायत में बताया कि गत 7 सितंबर को उसके फोन पर लिंक आया हुआ था।

### आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

**कैथल।** जिला रोजगार अधिकारी ममता ने बताया कि सरकार द्वारा सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके तहत युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय कैथल द्वारा 18 सितंबर को प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में रोजगार सहायता शिविर एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

### खाते से 2.17 लाख गायब धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जींद।** महिला के बैक खाते से दो लाख 17 हजार 152 रुपये गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सैक्टर आठ निवासी पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 19 अगस्त से 24 अगस्त तक उसके खाते से दो लाख 17 हजार 152 रुपये गायब हो गए।

### जेवर व नकदी चोरी के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई कमलजीत सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव जिला कुरुक्षेत्र के शाहबाद निवासी विकास उर्फ राहुल, अंबा कालोनी चीका निवासी राहुल उर्फ रबला तथा महिला आरोपी गांव ब्राहम्णा जिला पटियाला पंजाब निवासी पिंद्रपाल कौर को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### गांजा फूल पत्ती सप्लाई करने वाली महिला काबू

**कैथल।** 1 किलो 95 ग्राम गांजा फूल पत्ती सप्लाई मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम द्वारा करते महिला आरोपी जींद के धमतान साहिब निवासी रोशनी देवी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग उठाई

**कैथल।** 14 सितंबर को कैथल के सेक्टर-21 में डॉक्टर प्रतीक पर हुए गोलीकांड के बाद परिजनों ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। वीरवार को परिजन एसपी आस्था मोदी से मिले और आरोप लगाया कि पुलिस ने भले ही गोली चलाने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हो लेकिन बाकी आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं।

---

*वर्चुअल तरीके से पर्यटन मंत्री ने नारनौल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से किया शिलान्यास*

# किलाजफरगढ़ व सफीदों के प्राचीन किले के सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 12. 31 करोड़ रुपये

**सेवा पखवाड़े के तहत जिला स्तर पर डीसी ने किया शिलान्यास कार्य का शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेवा पखवाड़े के तहत जिला के किलाजफरगढ़ तथा सफीदों किला के जीर्णोद्धार के कार्य का शिलान्यास गुरूवार को वर्चुअल तरीके से विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने नारनौल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से किया। जिला स्तर पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सफीदों व किलाजफरगढ के ऐतिहासिक किलों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण के कार्यों का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ऐतिहासिक धरोहरों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सेवा पखवाड़े के तहत पर्यटन विभाग द्वारा जिला के दो ऐतिहासिक धरोहरों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण किया जाएगा। किलाजफरगढ के किले पर लगभग पांच करोड़ 53 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इसी प्रकार सफीदों के फोर्ट पर करीब छह करोड़ 78 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की सभी ऐतिहासिक धरोहरों को सरंक्षित रखा जाए ताकि आने वाली पीढिय़ां अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सकें। इन लुप्त हो रही ऐतिहासिक धरोहरों का जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यकरण करके इन्हें पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। इन धरोहरों के जीर्णोद्धार कार्य में पारंपरिक तरीकों से सामग्री का उपयोग करके संरचनात्मक मूल्यांकन कर जरूरत अनुसार सुदृढ़ किया जाएगा।

### तकनीक का उपयोग कर दीवारों की होगी मरम्मत



**जींद।** सेवा पखवाड़े के तहत जिला स्तर पर शिलान्यास कार्य का शुभारंभ करते डीसी।

**चूना आधारित मोर्टार और स्थिरीकरण तकनीकों का होगा उपयोग**

चूना आधारित मोर्टार और स्थिरीकरण तकनीकों का उपयोग करके दीवारों की मरम्मत की जाएगी। क्षतिग्रस्त चूने के प्लास्टर को हटा कर पारंपरिक तकनीकों का उपयोग करके पुनः लगाया जाएगा। इसके अलावा क्षतिग्रस्त फर्श की मरम्मत कर उसे मूल रूप से मेल खाती सामग्री में बदला जाएगा। इन दोनों धरोहरों में आवश्यक सुविधाएं शौचालय, बेंच, छायादार क्षेत्र स्मारक में भी लाइट व्यवस्थाए सुरक्षा के लिए ग्रिलए चारों तरफ की दीवार का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर एचएसआरडी के कार्यकारी अभियंता शशांकए प्रवीण परूथी आदि मौजूद रहे।

## कैथल की ऐतिहासिक बावड़ी का चार करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से होगा जीर्णोद्धार

- लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस रूम में सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर में स्थित ऐतिहासिक ब्रिक बावड़ी का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस पर करीब 4 करोड़ 46 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। वीरवार को विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा नारनौल से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े और सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस रूम से इस कार्य का शिलान्यास किया। विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में अनेकों विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। वहीं सेवा पखवाड़े के तहत अपनी विरासत को संजोए रखने का काम भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश में स्थित करीब 20 ऐतिहासिक स्थलों एवं बावड़ियों का जीर्णोद्धार के कार्य का आज शिलान्यास किया गया है। इसमें कैथल की ब्रिक बावड़ी भी शामिल है। यह बावड़ी न केवल जल संरक्षण का एक महत्वपूर्ण साधन है, बल्कि यह हमारे शहर की विरासत का भी एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और यह जीर्णोद्धार उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



**कैथल।** सीटीएम गुरविंद्र सिंह लघु सचिवालय में बावडी के जीर्णोद्धार का शिलान्यास करते व ऐतिहासिक बावडी। *फोटो :हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने बताया कि शहर के पुराने नागरिक अस्पताल के नजदीक स्थित ऐतिहासिक बावड़ी सदियों पुरानी है और इसका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। जीर्णोद्धार होने के बाद यह बावड़ी अब गौरव को फिर से प्राप्त करेगी। परियोजना के तहत बावड़ी की मरम्मत, मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, बेंच, साइनेज, शेड व लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके संरचनात्मक मूल्यांकन और कमजोर भागों को सुदृढ़ किया जाएगा। कार्यकारी अभियंता अनिल नरवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

## चीका में पनप रही अवैध कालोनी में डीटीपी विभाग ने चलवाई जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से चीका राजस्व संपदा में पनप रही अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। अवैध कालोनी में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई। कार्रवाई के दौरान हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के एसडीओ दीपक शर्मा बतौर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि चीका राजस्व संपदा में लगभग 1.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी का मामला संज्ञान में आया। जिसके बाद कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कालोनियों को रोकने के आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया। जिसके बाद डीटीपी का अमला पुलिस बल संबंधित कालोनी में पहुंचा था।

**सरकार ने जारी किया ये आदेश**

जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों से अपील की है कि वे किसी कालोनी में प्लाट लेने से पहले उसकी वैधता जरूर चैक कर लें। उन्होंने बताया कि शहर में अवैध निर्माणों व अवैध कालोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## अवैध कालोनियों में चलाया पीला पंजा

- अनाधिकृत कालोनियों में भूखंड खरीद से पहले करें पूरी तरह जांच : डीटीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला नगर योजनाकार द्वारा शहर की दुर्गा कालोनी, रोहतक रोड, भिवानी रोड बाईपास पर विकसित की जा रही अवैध कालोनियों पर पीला पंजा चलाने का काम किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल तथा डयूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने साफ चेताया कि डीटीपी कंट्रोल एरिया में किसी भी सूरत में अवैध निर्माणों को पनपने नहीं दिया जाएगा। जिला नगर योजनाकार को सूचना मिली थी कि दुर्गा कालोनी, रोहतक रोड, भिवानी रोड बाईपास पर अवैध कालोनी विकसित की जा रही है। लोगों ने विभाग की बगैर अनुमति लिए कृषि योग्य जमीन पर अवैध निर्माण किए हुए हैं। अवैध निर्माणों को लेकर जिला नगर योजनाकार ने निर्माण करने वाले लोगों को नोटिस भी जारी किए और अवैध रूप से किए गए निर्माणों को हटाने के बारे में कहा। बावजूद इसके अवैध निर्माण करने वाले लोगों ने अपने निर्माणों को नहीं हटाया। वीरवार को जिला नगर योजनाकार अमला पुलिसबल के साथ जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचा और एक-एक कर अवैध निर्माणों को गिराने काम किया।



**जींद।** अवैध निर्माणों को गिराते जिला नगर योजनाकार अमला।

**नागरिकों से आग्रह**

जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र नरवाना में कुछ अनाधिकृत कालोनियों का विकास किया जा रहा है। कालोनियों का निर्माण बिना विभाग से आवश्यक लाइसेंस, सीएलयू एवं एनओसी प्राप्त किए किया जा रहा है। जो नियमानुसार पूरी तरह से अवैध है। बताया कि कार्यालय द्वारा दोषियों के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है। प्रशासन ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में भूखंड खरीदने से पहले उसकी पूरी जांच पड़ताल अवश्य कर लें। अन्यथा उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

---



**जींद।** जल घर का निरीक्षण करते रणधीर मताना। *फोटो :हरिभूमि*

**बरसोला व सुरजाखेड़ा के जलघर का किया निरीक्षण**

**जींद।** अस्वच्छ जल, बीमारियों का घर है। बरसात के मौसम में होने वाली डेंगू, मलेरिया व डायरिया जैसी बीमारियों इसके कारण फैलती है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने व हर घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने गांव सुरजाखेड़ा व बरसोला में पहुंचकर पेयजल की जांच की। गांव सुरजाखेड़ा से बातचीत करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि जिला में स्वच्छ पेयजल के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गांव सुरजाखेड़ा में जिला लैब केमिष्ट विरेंद्र सिंह व खंड समन्वयक दिनेश मलिक के साथ.साथ विभाग के पंप ऑपरेटर सहित विभाग के अन्य कर्मचारी के साथ अभियान चलाया है। रणधीर मताना ने बताया कि आज विभाग की संयुक्त टीम सुबह 10 बजे गांव बरसोला के जलघर और ट्यूबबैल पर पहुंची। टीम ने वहां पर पेयजल आपूर्ति में सप्लाई की जा रही क्लोरिनेशन चौक की, जोकि सही पाई गई।

## आठ दिनों से चल रहा आंदोलन स्थगित

- कर्मचारियों ने मांगों पर आश्वासन मिलने के बाद किया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन यूनियन की ओर से गुहला में कार्यकारी अभियंता के खिलाफ चल रही गेट मीटिंग आज आठवें दिन स्थगित कर दी गई। यूनियन द्वारा यह फैसला कार्यकारी अभियंता द्वारा कर्मचारियों की मांगों को लेकर दिए गए सकारात्मक आश्वासन के बाद लिया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता यूनिट प्रधान संदीप सैनी ने की और मंच संचालन राकेश कुमार (यूनिट सचिव) द्वारा किया गया। बैठक में राज्य उप प्रधान स्वराज सिंह, राज्य सचिव अभिषेक शर्मा, और सी.सी. मेंबर बलजिन्दर सीड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे। यूनिट प्रधान संदीप ने जानकारी दी कि 17 को कार्यकारी अभियंता से बातचीत सकारात्मक रही, जिसमें कई समस्याओं का तुरंत समाधान किया गया और बाकी पर जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। यूनियन ने आंदोलन को फिलहाल के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है। स्पष्ट किया कि अगर तय समय सीमा में सभी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो यूनिट कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर पुनः आंदोलन शुरू किया जाएगा।



**गुहला।** नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

## ऑनलाइन ट्रेडिंग में उलझा लगाया 8.33 लाख का चूना

- राशि निकालने की कोशिश करने, निवेश करने का दबाव का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर ठगों को ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा दिखा एक व्यक्ति के आठ लाख 90 हजार रुपये हडप लिए। साइबर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दबलैन निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत पांच सितंबर को उसके व्हाट्सअप पर लिंक आया हुआ था। जिसके खोलने पर वह एक गुरप से जुड़ गया। जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा बताया गया। झांसें में आकर उसने गुरप को ज्वायन कर लिया। जिसके साथ उसका अकाउंट भी बना दिया। जिसके बाद उसने निवेश करना शुरू कर दिया। आईडी वायलेट मे अच्छा मुनाफा दिखाया जाने लगा। उसके निवेश करने का सिलसिल आठ सितंबर तक जारी रहा। जब भी राशि निकलवाने की कोशिश करता कोई न कोई बहाना बना कर उससे निवेश करवाया जाता रहा। जब तक वह संभलता तब तक वह आठ लाख 80 हजार रुपये लगा चुका था।

---

**आठ जगहों पर बनाई जाएगी वॉल पेंटिंग, खर्च होंगे लाखों रुपये**

## वॉल पेंटिंग कर नपा देगी स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

स्वच्छ भारत अभियान के तहत उचाना को सुंदर बनाने को लेकर निरंतर नगर पालिका टीम वॉल पेंटिंग बना कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रही है। दुकान-दुकान पर जाकर दुकानदारों, बाजारों में राहगीरों के अलावा गलियों में जाकर स्वच्छता को लेकर जागरूक कर रही है। अब आने-जाने वालों के साथ-साथ शहर के लोगों को स्वच्छता का संदेश देने के लिए नगर पालिका वॉल पेंटिंग बना कर स्वच्छता का संदेश देगी। कई जगहों पर ये पेंटिंग बनाई जा चुकी है तो कई जगहों पर बनाने का काम चल रहा है। करीब 90 हजार रुपये नपा स्वच्छता को लेकर बनाई जाने वाली वॉल पेंटिंग पर खर्च करेगी। नगर पालिका उन जगहों को सबसे पहले चुन रही है जिन जगहों पर प्रचार के लिए लोग अपने पोस्टर सहित अन्य सामग्री लगा देते है। ऐसी जगहों शुरूआत में वॉल पेंटिंग के लिए नपा ने चुनी है। नपा सचिव अशोक डांगी की अगुवाई में करीब आठ जगह शुरूआत में चुनी गई है। इन जगहों पर लगे पोस्टरों को फाडऩे के बाद यहां पर वॉल पेंटिंग का काम किया जाएगा।




**उचाना।** लितानी रोड अंडरपास के पास बनाई स्वच्छता को लेकर वॉल पेंटिंग।

**जागरूकता अभियान जारी**

अशोक डांगी ने कहा कि उचाना को सुंदर शहर सभी के सहयोग से बनाएंगे। कई ऐसी जगह हैं जहां दीवारों पर पोस्टर सहित अन्य प्रचार सामग्री लगाई जाती है जिससे उन दीवारों की सूरत बिगड़ जाती है। ऐसी दीवारें जो शहर की प्रमुख जगहों पर है जहां पोस्टर लगाए जाते है उनको सबसे पहले चुन कर उन पर वॉल पेंटिंग बनवाई जाएगी। स्वच्छता को लेकर निरंतर सभी का सहयोग अभियान चला कर मांगा जा रहा है। उचाना साफ-सुथरा नजर आए इसको लेकर निरंतर टीम बना कर जागरूकता अभियान भी चलाया गया है। सभी पूरा सहयोग कर रहे है।



**जींद।** शुरू की दवा खिड़की। *फोटो :हरिभूमि*

**महिलाओं के लिए फिर से शुरू करवाई खिड़की**

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के नए भवन में शिफ्ट हुए गायनी वार्ड के साथ ही अब इस वार्ड के साथ ही महिलाओं की सुविधा के लिए दवा खिड़की भी शुरू कर दी गई है। महिलाओं को गायनी में उपचार के बाद दवा लेने के लिए भीड़ में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। महिलाओं को वार्ड के पास ही दवा उपलब्ध हो जाएगी। गायनी में शुरू की गई दवा खिड़की केवल गायनी में उपचार के लिए आने वाली महिलाओं के लिए शुरू की गई है। गर्भवती महिलाओं को अपनी दवाई लेते समय भीड़ में किसी प्रकार की परेशान न हो इसको देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। पुराने भवन में चल रहे गायनी वार्ड में भी महिलाओं के लिए अलग से दवा खिड़की चलाई जा रही थी। उसी तर्ज पर अब नए भवन में भी यह शुरू करवाई गई है। गायनी वार्ड नए भवन में आते ही इसकी तैयारी शुरू कर दी थी। अब इसमें महिलाओं को दवाई मिलना भी शुरू हो गया है।

## खबर संक्षेप

### 78 में से 52 का इंटरव्यू प्रक्रिया के तहत चयन

**जींद।** राजकीय आईटीआई में प्रधानाचार्य नरेश कुमार की अध्यक्षता में शिक्षुता कैंपस का आयोजन किया गया। बंसल स्टील व पावर लिमिटेड झज्जर हरियाणा, श्रीराम पिस्टन और रिंग प्राइवेट लिमिटेड राजस्थान हरियाणा कंपनियों ने भाग लिया और छात्रों के चयन के लिए ऑनलाइन टेस्ट व इंटरव्यू की प्रक्रिया की । विभिन्न ट्रेडों के 78 छात्र व छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया और कंपनी ने 52 कैंडिडेट को इंटरव्यू की प्रक्रिया के आधार पर चयन किया।

### धर्मांतरण के विरूद्ध हिंदू संगठनों का प्रदर्शन आज

**जींद।** हिंदू संगठन शुक्रवार को जींद में इसाई मिशनरी द्वारा करवाए जा रहे धर्मांतरण के विरुद्ध रानी तालाब से लघु सचिवालय तक प्रदर्शन करेंगे। विहिप जिला प्रधान सुशीला ने बताया कि इसाई मिशनरी ने शहर में हिंदू संगठनों के कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने व ब्राह्मण समाज के बारे में भद्दी भाषा का प्रयोग किया गया।

### भक्ति रस के लिए सादा जीवन जरूरी

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि एक दिन मीरा ने उसके गुरु संत रैदास को आराम से परमात्मा का भजन करने के लिए एक बहुमूल्य हीरा दिया। रैदास के कहने पर मीरा ने उसे उसकी झोपड़ी के फूस में रख दिया। कुछ दिन बाद मीरा उसके गुरु के पास फिर लौटी और उसे उसी अवस्था में जूतिया गांठते देख और उस हीरे को वहीं रखा देख मीरा ने कहा गुरुजी आपने इस हीरे का उपयोग क्यों नही किया।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। शहर थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव बीबीपुर से भी 22 वर्षीय युवती गायब हो गई।

### उत्कृष्ट पेंटिंग बनाने वालों को किया जाएगा सम्मानित

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता में स्कूली विद्यार्थियों व प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छता विषय पर अपनी उत्कृष्ट एवं बेहतर कलाकृतियों के माध्यम से संदेश दिया जाएगा।

### जींद में बीस को खेलो इंडिया महिला सिटी लीग

**जींद।** हरियाणा राज्य साइकिलिंग एसो.के सहयोग से अस्मिता साइकिलिंग सिटी खेलों इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन 20 सितंबर को पड़ाना से शामलो कलां रोड पर होगा। यह जानकारी हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में सिर्फ महिला खिलाड़ी ही भाग ले सकती हैं। विजेता को मेडल व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा।

### कलाकार गांव-गांव जाकर दे रहे योजनाओं की जानकारी

**जींद।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कृष्ण कुमार सहोत्रा ने बताया कि सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के आदेशानुसार एवं डीसी मोहम्मद इमरान के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा दो अक्टूबर तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला स्तरीय कलाकारों द्वारा गांव.गांव जाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करने के साथ स्वच्छता की अलख भी जगाई जा रही है।

### भागवत कथा में सुनाई श्री कृष्ण जन्म की कथा

**नरवाना।** न्यू कावड़ सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में धरोदी रोड स्थित मां काली शिव शनि मंदिर में चल रही कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन की कथा सुनाते पुजारी रोशन ने कृष्ण जन्म की मनमोहक लीलाओं का वर्णन किया।

## जिस मरीज को जरूरत होगी उसे मिलेगी प्लेटलेट्स

# स्वास्थ्य विभाग को मिले तीन डेंगू पॉजिटिव, आंकड़ा 24 तक पहुंचा

### प्राइवेट लैब से जांच करवाने के लिए टेस्ट का रेट 600 रुपये निर्धारित

**200 से अधिक टीमें कर रही लोगों को जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रक्त के सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग को अब प्रतिदिन डेंगू पॉजिटिव की रिपोर्ट मिलने लगी है। वीरवार को भी स्वास्थ्य विभाग को तीन डेंगू पॉजिटिव की रिपोर्ट मिली है। जिनमें जींद निवासी 22 वर्षीय युवक व 20 वर्षीय युवती व बिरौली का 20 वर्षीय युवक शामिल है। जिसके चलते जिला में डेंगू पॉजिटिव का आंकडा 24 पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों को निर्देश जारी किए हैं डेंगू टेस्ट के लिए 600 रुपये से अधिक शुल्क न लिया जाए और जरूरत पडऩे पर सिंगल डोनर प्लेटलेट्स का शुल्क 11 हजार रुपये से अधिक न हो। मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के लिए मल्टी सेक्टरल एप्रोच ही सबसे कारगर तरीका है। यदि सभी मिलकर कार्य करें तो जिले से इन बीमारियों का रोकथाम संभव है डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 200 से अधिक टीमें बना कर मैदान में उतारी हुई हैं। यह टीमें घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रही हैं। इसके अलावा बुखार पीड़ित लोगों की स्लाइड बना कर रक्त की जांच भी की जा रही है। टीम सदस्य लोगों को अपने घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने देने के लिए भी जागरूक कर रही हैं और बता रही हैं कि नागरिक अस्पताल में डेंगू की जांच मुफ्त में होती है। अस्पताल में एलीजा मशीन से जांच की जाती है, जिसकी रिपोर्ट शत-प्रतिशत सही होती है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग निजी अस्पताल द्वारा डेंगू बताए जाने के बाद खुद अपने यहां जांच करवाता है और उसी रिपोर्ट के आधार पर केसों की गिनती होती है। स्वास्थ्य विभाग ने निजी लैब से जांच करवाने के लिए 600 रुपये की फीस निर्धारित की है। यदि कोई लैब संचालक 600 रुपये से अधिक लेता है तो स्वास्थ्य विभाग उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकता है।

#### ज्यादा पैसे लेने पर होगी कार्रवाई

डिप्टी सीएमओ मलेरिया डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को तीन लोगों की डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट मिली है। जिसके चलते जिला में कुल डेंगू पॉजिटिव 24 हो गए हैं। डेंगू की जांच को लेकर लैब के लिए 600 रुपये निर्धारित हैं। किसी भी लैब या अस्पताल ने इससे अधिक राशि ली तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग में डेंगू व मलेरिया की जांच फ्री की जाती है।

#### मशीन उपलब्ध

जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि जिन लोगों में खून की कमी होती है, उन्हें नागरिक अस्पताल में पूरा खून चढ़ाया जाता है। अस्पताल में अब बल्ड कंपोनेंट सैपरेटर मशीन है तो वह खून के अंदर सभी कंपोनेंट को अलग-अलग कर देती है। इसके बाद जिस मरीज को जिस कंपोनेंट की जरूरत होगी, उसको वही चढ़ाया जा सकता है। डेंगू के दौरान मरीज में प्लेटलेट्स कम हो जाती हैं। ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट मशीन खून से प्लेटलेट्स भी अलग कर देती है। इसके बाद मरीज को प्लेट्लेट्स चढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा जिन मरीजों में खून की कमी होती है उनको आरबीसी की जरूरत होती है। इसके बाद मरीजों को केवल आरबीसी ही चढ़ाया जा सकता है। किसी दूसरे मरीज का प्लाजमा भी दूसरे मरीज को चढ़ाया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के पास मशीन उपलब्ध है।

# अपराध की प्रदेश में कोई जगह नहीं

■ मंत्री कृष्ण बेदी ने लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। निवास पर लोगों की समस्याएं सुनते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि इस बार प्रदेश में बाढ़ के दौरान सरकार और प्रशासन की ओर से जो मुस्तैदी दिखाई गई हैए वह अभूतपूर्व रही है। दावा किया कि इस बार बाढ़ से सबसे कम नुकसान हुआ है और इसका श्रेय प्रशासनिक अधिकारियों जनप्रतिनिधियों और स्वयं सरकार की सक्रियता को जाता है जिन्होंने मैदान में रहकर जनता के बीच काम किया और त्वरित राहत पहुंचाई। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी वीरवार को अपने निवास स्थान पर इलाका वासियों की समस्याएं सुन रहे थे। कहा कि यह किसी से छिपा नहीं है कि सरकार ने हरियाणा ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी खाद्य सामग्री और आर्थिक सहायता भेजी हैए जिससे यह स्पष्ट होता है कि हमारी सरकार सिर्फ बयान नहीं बल्कि काम करती है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अपराध की प्रदेश में कोई जगह नहीं है। सरकार आम नागरिकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश शर्मा मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल आदि मौजूद रहे।



उचाना। गोशाला में गाय को गुड़ खिलाते भाजपा नेत्री सुषमा अत्री।

### गोवंश को हरा चारा- गुड खिलाया

**उचाना।** भाजपा नेत्री सुषमा अत्री द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत गोशाला जाकर गायों को हरा चारा, गुड़ खिलाया। सुषमा अत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश निरंतर तरक्की, प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज भारत देश का डंका पूरी दुनिया में गूंज रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सशक्त फैसले लिए गए। जम्मू-कश्मीर में देश के लोगों की वर्षो पुरानी मांग को पूरा करते हुए धारा 370 को तोड़ा गया। अयोध्या में राम लाल विराजमान हुए। अनेकों ऐसे ऐतिहासिक काम पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में हुए है जो किसी ने सोचे भी नहीं थे। युवा, किसान, मजदूर, महिला सहित हर वर्ग के उत्थान के लिए सरकार ने योजनाएं बनाई है।

### कैथलः 27 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत

**कैथल।** जिले के खनौदा गांव के नजदीक जीतगढ़ में हुई सड़क दुर्घटना में लगभग 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान जीतगढ के मंगत के रूप में हुई है। युवक बाइक पर सवार जा रहा था कि किसी अज्ञात वाहन ने मंगत की बाइक को टक्कर मार दी जिससे मंगत गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगत को इलाज के लिये कैथल के सिविल अस्पताल में लाया गया जहां उपचार के दौरान मंगत ने दम तोड़ दिया। जैसे ही हादसे की सूचना परिवार को पता चली तो परिवार नागरिक अस्पताल पहुंचा। जहां मां अपने बेटे के लिए बिलख बिलख कर रोती नजर आई तो मां की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे और मां बार-बार अपने बेटे को पुकार रही है। मिली जानकारी से पता चला की मंगत परिवार में कमाने वाला इकलौता था और उसके पिता कृष्ण की कुछ वर्षों पहले मौत हो चुकी है।

### टीबी से बचाव के लिए किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत ईंटल कलां गांव में एमपीएचडब्ल्यू पवन कुमार द्वारा जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत ग्रामवासियों को टीबी से बचाव बारे जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ मच्छर जनित बीमारियों से बचाव बारे व स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं बारे ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इस दौरान टीबी व मच्छरजनित बीमारियों की जानकारी से सम्बंधित पंपलेट भी बांटे गए। पवन कुमार ने कहा कि यह बीमारी किसी भी आयु वर्ग को हो सकती है। यह एक संक्रामक रोग है जोकि कीटाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस से फैलता है। कीटाणु मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है। जिसके कारण फेफड़ों की टीबी होती है। कभी-कभी यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करता है।



जींद। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। डीसी को शिकायत देने आए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप

**जींद।** गांव जलालपुर कलां के ग्रामीणों ने गुरूवार को उपायुक्त को शिकायत सौंप कर आरोप लगाया कि गांव में धानक चौपाल का हाल अधूरा और घटिया निर्माण का शिकार है। जिससे ग्रामवासियों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल के पिल्लर ढीले हैं और छत कमजोर है और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। तकनीकी मानकों की अनदेखी कर ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों ने लापरवाही बरती है। उन्होंने मांग की कि निर्माण की जांच कराई जाए, अधूरा कार्य पूरा हो और दोषियों पर कार्रवाई हो। जिला उपायुक्त ने ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेते इसे पंचायती राज विभाग के एक्सईएन को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दिया है। शिकायत सौंपने वालों में राजेश कुमार,, बारू राम, जयपाल, ईश्वर, मनोज, महेंद्र, अमरो, आशा रानी, आरती, बबीता, मीना, सुमन सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि चौपाल ग्रामीणों के लिए अहम है। अगर घटिया सामग्री से यह निर्माण कार्य पूरा हुआ तो इसकी गुणवत्ता नही रहेगी ।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**अलेवा।** नगूरां के राजकीय कवमावि में खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या कोमारानी ने की तथा मुख्य रूप से अलेवा खंड शिक्षा अधिकारी रणपाल श्योकंद ने भाग लिया। कार्यक्रम में खंड अलेवा के सभी स्कूलों के बच्चों व मुखियाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में रागनी, एकल नृत्य, समूह नृत्य व लघु हास्य नाटिका आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रणपाल श्योकंद ने कहा कि आज का नन्हा कलाकार आने वाले समय में बड़ा कलाकार बनेगा यही बच्चे दूसरों के लिए प्रेरणा बनेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है, नई ऊंचाइयों को कैसे छूना है, यह सीखने का मौका मिलता है।



अलेवा। नगूरां राजकीय कवमावि में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं।



जींद। प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं प्राचार्या के साथ। फोटो :हरिभूमि

### बीए प्रथम की छात्रा सलोनी रही प्रथम

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह के अंतर्गत निबंध लिखो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शीर्षक स्वस्थ जीवन में भोजन की भूमिका और खाद्य पदार्थों में मिलावट था। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता गृह विज्ञान विभाग के इंचार्ज आरती सैनी ने की। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका तनु रानी ने किया। इस प्रतियोगिता में नौ छात्राओं ने भाग लिया। जिन्होंने निबंध के माध्यम से बताया कि आजकल के युग में खाद्य पदार्थ में किस तरह से मिलावट की जाती है और स्वस्थ जीवन जीने के लिए भोजन क्या भूमिका निभाता है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सलोनी बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रही। दूसरे स्थान पर मानसी बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रही व तृतीय स्थान पर किरण बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रही।



जींद। कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ लेते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### लिंग जांच करवाना कानूनी अपराध

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव जाजवान में स्वास्थ्य कर्मियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक करना व पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देना था। एमपीएचडब्ल्यू सुनीता कुमारी ने जागरूक करते कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एक महत्वपूर्ण अभियान है। जो भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था ताकि बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा सके और उनकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। यह अभियान बेटियों के लिंग अनुपात में सुधार लाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करता है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य बेटियों के प्रति समाज में व्याप्त भेदभाव को कम करना और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देना है।

# प्राध्यापकों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

■ राजकीय महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक पर हमला करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते प्राध्यापक। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थानीय ईकाई ने गुरूवार को प्राचार्य कार्यालय के समक्ष एकत्र होकर पंचकूला सेक्टर एक के राजकीय महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक पर हुए जानलेवा हमले की घोर निंदा की। दोपहर को सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं एकजुट होकर डीसी कार्यालय पहुंचे और प्राचार्य के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा महाविद्यालय परिसरों और उनके आसपास सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। शिक्षकों ने यह भी कहा कि जिस प्रकार से दिन दिहाड़े एक शिक्षक पर हमला हुआ है वह पूरे शैक्षणिक समाज के लिए चिंता का विषय है और इससे विद्यार्थियों में भी असुरक्षा का माहौल पैदा होता है। ऐसी घटनाएं न केवल शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुँचाती हैं बल्कि समाज के बौद्धिक परिवेश पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है और यदि वही सुरक्षित नहीं रहेगा तो शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### सर्व कर्मचारी संघ का त्रिवार्षिक सम्मेलन संपन्न

**जींद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का ब्लॉक स्तरीय त्रिवार्षिक सांगठनिक प्रतिनिधि सम्मेलन गुरूवार को पटवार भवन में आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता निवर्तमान ब्लॉक प्रधान मनदीप नेहरा ने की जबकि मंच संचालन ब्लॉक सचिव सतीश भारद्वाज ने किया। सम्मेलन का उद्घाटन आल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य प्रधान सुरेश राठी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान केंद्र और राज्य सरकारें कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने के प्रति गंभीर नही हैं। हरियाणा में भाजपा सरकार के लगातार तीन कार्यकाल बीत जाने के बावजूद पिछले 11 वर्षों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की न तो कोई नई नीति बनी और न ही पुरानी नीतियों को लागू किया गया। इसके उलट पहले से बनी नीतियों को भी खत्म कर दिया गया। पुरानी पेंशन प्रणाली बहाल करने से सरकार ने साफ इंकार कर दिया है। ऐसे हालातों में कर्मचारियों को मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

### नशे से दूर रहने का किया आह्वान

**नरवाना।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में नशा मुक्ति व साइबर अपराध जागरूकता अभियान को नई दिशा देते हुए वेल्यु प्लस अकादमी नरवाना में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणाए प्रबंधक अफसर निरीक्षक मनोज कुमार थाना शहर नरवाना व नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीमए अकादमी स्टाफ व बड़ी संख्या में छात्र.छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो इंसान को मानसिकए शारीरिकए आर्थिक और सामाजिक रूप से खत्म कर देती है। विद्यार्थियों को नशे से कोसों दूर रहना होगाए तभी वे अपना और देश का भविष्य सुरक्षित बना पाएंगे। साथ ही उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सावधान किया कि अनजान कॉलए व्हाट्सएप लिंकए फर्जी वेबसाइटए इनाम व नौकरी के झांसे से बचें।

### आज सेवा सदन में होगा रक्तदान शिविर का आयोजन : डा. भोला

# दिवंगत माता-पिता की याद में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



शहीदी स्मारक में पौधारोपण करते डा. भोला व परिवार के सदस्य।

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने वीरवार को अपने दिवंगत माता-पिता की याद में शहीदी स्मारक में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में परिजनों ने एक-एक पौधा रोपित किया और इन्हें वृक्ष बनने तक इनकी सेवा करने का संकल्प भी लिया। डा. भोला ने बताया कि हिंदू कन्या महाविद्यालय के निकट सेवा सदन में शुक्रवार को माता-पिता की याद में ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसकी थीम रक्तदान व जाते-जाते नेत्रदान रखी गई हे। शिविर में आए रक्तदाताओं के साथ-साथ शहर के गणमान्य लोगों को रक्तदान की महत्ता के साथ-साथ मतदान की महत्ता को लेकर भी जागरूक किया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर व अन्य टैस्ट भी किए जाएंगे। डिप्टी स्पीकर प्रतिनिधि राजन, समाजसेवी राजकुमार , सुभाष, राजकुमार, विनोद कुमार, कमलेश रानी, सीमा भोला, ऊषा, रितेन, सहित अनेक मौजूद रहे।

#### हमारी प्रकृति की सुंदरता पेड़-पौधों पर निर्भर

डिप्टी स्पीकर प्रतिनिधि राजन चिल्लाना, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि हमारी प्रकृति की सुंदरता पेड़-पौधों पर निर्भर है। मनुष्य के जीवन में पेड़ों का महत्व जल बिन मछली जैसा है। पेड़ों से हमें छाया, मीठे फल, औषधि, लकड़ियां प्राप्त होती है। पेड़-पौधे हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाओं से बचाते हैं। मनुष्य कार्बन-डाइ-ऑक्साइड छोड़ते हैं, जो पौधे सोख लेते हैं। जितने अधिक पेड़-पौधे होंगे उतना वातावरण में ऑक्सीजन का निवास होगा। पेड़ो को संरक्षित करने के लिए जनजागरण व जनसहयोग की आवश्यकता है। हमारी आने वाली पीढ़ियों को सुखी व समृद्ध बनाने के लिए वन और पेड़ो जैसे प्राकृतिक संसाधनों की एहमियत को समझना होगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अपने जीवन के खास दिनों को पौधारोपण कर अवश्य मनाएं। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, पत्नी सीमा भोला व बेटे कार्तिक भोला ने समाजसेवी संस्थाओं, युवाओं से आह्वान किया कि 19 सितंबर शुक्रवार को स्वयं रक्तदान करने के साथ-साथ अपने साथियों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें। रक्तदान का शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नही होता है। रक्तदान करने वालों के साथ उन असहाय और जरूरतमंद लोगों की दुआएं हमेशा साथ रहती हैं, जिनके लिए उनका दिया हुआ खून काम आता है। वहीं पर्यावरण को बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह एक-एक पौधा अवश्य लगाएं ।



नरवाना। कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी।

### तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार उद्यमिता सप्ताह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें से पहले दिन सेमिनार, दूसरे दिन पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता तथा तीसरे दिन वाद.विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले दिन आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता वाणिज्य विभाग के सहायक प्रोफेसर परमिंदर रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय वैश्विक स्तर पर चुनौतियों से भरा हुआ है। यदि भारत को इन चुनौतियों का सामना करना हैए तो युवाओं को केवल रोजगार प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिएए बल्कि उद्यमिता अपनाकर नए अवसरों का सृजन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उद्यमिता में साहस और नयापन अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी विद्यार्थी में नए कार्य करने का साहस और मौलिक विचार हैए तो वह निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेगा।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी के सामने गोबर से बच्चे परेशान

**कलायत।** शिमला गांव में आंगनबाड़ी के सामने कुछ लोगों द्वारा लगातार गोबर डाले जाने से बच्चों और आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि आंगनबाड़ी मुख्य सड़क के किनारे स्थित है। कुछ लोग जानबूझकर केंद्र के गेट के सामने और सड़क पर गोबर डाल रहे हैं।

### फसल अवशेष प्रबंधन से आय बढ़ाए किसान

**कैथल।** कृषि उपनिदेशक डॉ. कर्मचंद ने बताया कि ग्राम स्तर पर गठित टीमों ने वीरवार को गांव क्योड़क, ग्योंग, गुहणा, खुराना, कोटड़ा, मोहना, सीवन, बदनारा में किसान जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जागरूकता अभियान में कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी दी।

### गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं पर संगोष्ठी

**कैथल।** राधा कृष्ण सनातन धर्म महाविद्यालय, कैथल के पंजाबी विभाग द्वारा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकुला के सहयोग से "गुरु तेग बहादुर की शिक्षाएं एक दार्शनिक अध्ययन" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्रातःकालीन सत्र महाविद्यालय के सभागार में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्वानों, शोधार्थियों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### उप स्वास्थ्य केंद्रों पर की मरीजों की जांच

**राजौंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्म दिवस पर सेवा ही संकल्प राष्ट्र प्रथम कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टुबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ रेणु चावला के दिशा निर्देश अनुसार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा संदीप सिंह के मार्गदर्शन में राजौंद जखौली, करोड़ा के उप स्वास्थ्य केंद्रों पर अभियान का शुभारंभ किया गया।

### मुख्य मार्ग पर नालों की सफाई का कार्य शुरू

**राजौंद।** कैथल रोड पर नपा ने डीसी के आदेश पर राजौंद के मुख्य मार्ग पर नालों की सफाई गुरुवार सुबह ही शुरू कर दिया। नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि नालों की सफाई को लेकर दो जेसीबी मशीन लगा कर नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि कुछ दुकानदारों ने विरोध भी किया लेकिन कई दुकानदार नालों पर रखें पत्थरों को खुद भी हटा कर सहयोग कर रहे थे।

### गांव गांव कलाकार दे रहे योजनाओं की जानकारी

**कैथल।** जिला लोक संपर्क विभाग के कलाकार गांव गांव जाकर सरकारी योजनाओं का प्रचार करने के साथ स्वच्छता की अलख जगा रहे हैं। 17 सितंबर को गांव प्योदा, जांबा, चुहड़माजरा, खेड़ी गुलामअली, देवबन, भाणा, रसीना व सांच आदि गांवों में महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में ड्रामा, भजनों, रागनियों से जानकारी दी।

### सेवा भावना को मजबूती देगा सेवा पखवाड़ा

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन पूरे देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस सेवा पखवाड़ा में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कड़ी में सभी स्थानीय निकायों व पंचायतों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

### डीएवी के छात्रों ने सफाई अभियान में लिया भाग

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज पूंडरी की एनएसएस यूनिट ने प्रथम एकदिवसीय कैंप पूंडरीक तीर्थ पर किया गया। विधायक जांबा ने शुभारंभ किया व कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की गई है।

---

कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल राजौंद में आयोजन

# खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में बिखेरी प्रतिभा की अनोखी चमक

बीईओ बलबीर कश्यप ने की अध्यक्षता, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजयलक्ष्मी ने शिरकत की।

विद्यालय के प्रिंसिपल एवं नोडल अफसर अजय मलिक भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना से हुआ। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं,जिसमें लोक रागिनी की मधुर तानें गीत सोलो डांस, ग्रुप डांस और सामाजिक संदेशों से भरपूर स्किट ने दर्शकों का दिल जीत लिया। मंच बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होते हैं। प्रिंसिपल एवं नोडल अफसर अजय मलिक ने कहा कि राजौंद ब्लॉक के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने विद्यालय स्टाफ की मेहनत लगन और कार्यक्रम की बेहतरीन व्यवस्था की भी विशेष प्रशंसा की। विद्यालय का पूरा स्टाफ कार्यक्रम की सफलता का आधार रहा। सभी अध्यापकों ने मेहनत और समर्पण से आयोजन को यादगार बनाया। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व विभिन्न स्कूलों से आएं स्टाफ सदस्य।

### अंग्रेजीः ध्वनियों पर विस्तार व्याख्यान

**राजौंद।** वाइब्रेंट लर्निंग क्लब अंग्रेजी विभाग कॉलेज राजौंद के तत्वावधान में अंग्रेजी भाषा की ध्वनियां विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष राम मेहर सिंह के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ।मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय लदाना चक्कू के प्राचार्य एवं प्रकांड विद्वान अविनाश कुमार पाठक ने छात्रों को अंग्रेजी भाषा की ध्वन्यात्मक विशेषताओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वर और व्यंजन ध्वनियों के उच्चारण,उनके वैज्ञानिक आधार और प्रयोग की बारीकियों को सरल भाषा में समझाया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वह इस ज्ञान को अपनी पढ़ाई और बोलचाल में अवश्य अपनाए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रोहतास, रवीन्द्र कुमार, विक्रम,अशोक, प्रदीप मौजूद रहे।

---

# पौधों के बिना जीवन असंभव

■ कैथल आईटीआई में किया पौधरोपण, वक्ताओं ने बताया जीवन में पौधों का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

राजकीय आईटीआई कैथल में सेवा पखवाड़े के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नॉमिनेटेड पार्षद कैथल सरदार स्वरूप सिंह सैनी तथा कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य गोपाल सैनी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अधीक्षक सोहन लाल ने की तथा नेतृत्व एनएसएस अधिकारी शमशेर सिंह मलिक ने किया। उन्होंने छात्रों को अपने निवास स्थान के आसपास कहीं भी एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने व पौधे की सेल्फी लेकर माई भारत पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया।



### विद्यार्थियों को पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

सोहनलाल अधीक्षक ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि पौधों के बिना जीवन की कल्पना बेमानी सी लगती है। आज पर्यावरण प्रदूषण के से मनुष्य के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। वनों के लगातार कटाव के कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ता जा रहा है जिसके कारण देश के एक हिस्से में सुखा तो दूसरे हिस्से में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। हाल ही के दिनों में पंजाब व हिमाचल प्रदेश में आई भयंकर प्राकृतिक आपदा ने हमें सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति कठोर कदम उठाने पड़ेंगे।

### श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं जयंती मनाई

**सीवन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाषण, निबंध, पेंटिंग, वाद-विवाद तथा शब्द-कीर्तन प्रतियोगिताओं से हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य हरपाल सिंह ने की। भाजपा जिला प्रधान ज्योति सैनी उपस्थित रहीं। सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन यशपाल प्रजापति, बलविंदर जांगड़ा, नागल सरपंच सुखबिंदर सिंह ने अपने विचार रखे। ज्योति सैनी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का बलिदान हमें सदैव धार्मिक स्वतंत्रता, मानवता और निडरता की प्रेरणा देता रहेगा।

# एनआईआईएलएम के डॉ. राहुल सोनू सूद से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ़ डिज़ाइन के विभागाध्यक्ष डॉ. राहुल सिंह को अभिनेता सोनू सूद ने सम्मानित किया। डॉ. सिंह को यह सम्मान एशियन कुट्योर रनवे द्वारा आयोजित "संस्कार से संस्कृति के साथ – फ़ैशन वीक" में ज्यूरी सदस्य के रूप में आमंत्रित करने पर प्रदान किया गया। शो 14 सितम्बर 2025 को द पुनर्नवा वेलनेस रिसॉर्ट, देहरादून में हुआ। कार्यक्रम में देशभर से प्रख्यात डिज़ाइनर्स, मॉडल्स और फैशन इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञों ने शिरकत की। एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी इस शो की एजुकेशन पार्टनर रही और शिक्षा व उद्योग के बीच तालमेल की मिसाल पेश की।



कैथल। डॉ. राहुल सिंह को सम्मानित करते सोनू सूद। फोटो : हरिभूमि

---

# श्री गीता में मंदिर फ्री मेडिकल कैंप

■ शिविर में 1500 से अधिक लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

श्री गीता भवन मंदिर में मेडिकल जीओ गीता और श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में एक मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। शुभारंभ सीएमओ डॉ. रेनू चावला, नप चेयरपर्सन सुरभी गर्ग व पूर्व हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत द्वारा रिबन काटकर किया गया। शिविर में करीब 1500 मरीजों की विभिन्न बीमारियों की निःशुल्क जांच की गई, जिनमें बी.पी., शुगर, ईसीजी जैसी जांचें प्रमुख रहीं। इसके अतिरिक्त 500 से अधिक लोगों को निःशुल्क चश्में भी वितरित किए गए। सभी जांचों के बाद रोगियों को मुफ्त दवाइयों का भी वितरण किया गया।



कैथल। सीएमओ डा. रेनू चावला मैडिकल शिविर का शुभारंभ करते हुए।

### शिविर में इन्होंने दी सेवाएं

इस अवसर पर डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. पंकज रविश, डॉ. संजीव थरेजा, डॉ. पवन थरेजा, डॉ. मुकेश अग्रवाल, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. वार्णिक थरेजा, डॉ. रवि सैनी, डॉ. श्याम सरदाना, डा. सुभाष जिंदल, डा. राजेन्द्र ठुकराल, डा. मुकेश अग्रवाल, डॉ. पीयूष गर्ग, डा. अग्निव्रत पाराशर, डा. श्याम सरदाना, डा. जयंती शर्मा, डा. रवि कुमार, डा. तरसेम सहित कई चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं।

# 21 से रंगमंच क्लब की रामलीला का शुभारंभ

■ श्री बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब के कलाकार करेंगे रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन

नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री बाबा नारायण दास रंगमंच क्लब की ओर से आगामी 21 सितंबर को भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन की दिव्य लीलाओं का मंचन किया जाएगा, जिसमें कलाकार भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता और रावण सहित अन्य पात्रों का जीवंत अभिनय प्रस्तुत करेंगे। इस मौके पर आश्विन शर्मा, सोमदत्त शर्मा, बलराम स्नेही, साबू आर्य, बिट्टू सैनी, अमित सैनी, राजू नोथरा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। पिछले कई दशकों से यह क्लब रामलीला का आयोजन करता आ रहा है। मंचन के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन की झलकियां प्रस्तुत की जाती हैं। यह आयोजन न केवल नगरवासियों को धार्मिक वातावरण से जोड़ता है।




सीवन। रामलीला की त्यारियों को लेकर चर्चा करते क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### जोरों पर तैयारियां

क्लब के सदस्य जोगिंदर शर्मा, चेतन शर्मा, विनोद गौतम, शेखर राणा और दर्शन सैनी ने बताया कि इस बार रामलीला के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण सहित अनेक पात्रों का शानदार अभिनय दर्शकों को भावविभोर करेगा। रावण वध और राम राज्याभिषेक जैसे प्रसंग आयोजन की मुख्य झलक रहेंगे। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों की प्रेरणा है। आयोजन को लेकर नगरवासियों में भी गहरा उत्साह देखा जा रहा है। मंचन के दौरान आकर्षक झांकियां भी सजाई जाएंगी, जिससे दर्शकों को धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का अनुभव होगा।

---

## रोहतक के विश्वकर्मा महाकुंभ में सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे सतबीर

**पूंडरी।** विश्वकर्मा जयंती के पर रोहतक में आयोजित विश्वकर्मा महाकुंभ में पूंडरी हलके से वरिष्ठ भाजपा नेता सतबीर भाणा सैकड़ों गाड्यों के विशाल काफिले के साथ पहुंचे। ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए समर्थकों ने 'जय विश्वकर्मा' और 'सतबीर भाणा जिंदाबाद' के नारों से माहौल गुंजा दिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्यसभा सांसद रामचंद जांगड़ा ने सतबीर भाणा की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए उनकी पीठ थपथपाई और समाज में भाईचारे व संगठन की एकजुटता को सराहनीय बताया। सतबीर भाणा ने महाकुंभ में कहा कि भगवान विश्वकर्मा समाज के प्रेरणा स्रोत हैं। इस तरह के आयोजनों से समाज में नई ऊर्जा और एकता का संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है और महाकुंभ जैसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को संस्कृति और परंपराओं से जोडने का काम करते हैं। कार्यक्रम में शामिल वाहनों पर भाजपा के झंडे और विश्वकर्मा जयंती से जुड़े बैनर लहराते रहे। समर्थकों का उत्साह देखते ही बनता था रोहतक का महाकुंभ ऐतिहासिक स्वरूप लेता दिखाई दिया।





## स्वच्छता और हरियाली की तरफ कैथल पुलिस का कदम

**कैथल।** पुलिस जिलेभर में विशेष स्वच्छता व हरियाली अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सभी थाना-चौकियों, पुलिस लाइन व विभिन्न पुलिस यूनिटों में पुलिस कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की। प्रवक्ता ने बताया कि अभियान के अंतर्गत थानों व चौकियों के प्रांगण में जमा कचरा व गंदगी हटाकर परिसर को स्वच्छ बनाया गया। इसके साथ-साथ पुलिस कर्मचारियों ने समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने के उद्देश्य से स्वयं झाड़ू लगाई और सहयोगात्मक भावना के साथ कार्य किया। प्रवक्ता ने बताया पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने इस अवसर पर पौधारोपण भी किया। थानों व चौकियों में फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए गए, जिससे न केवल परिसर में हरियाली बढ़ेगी बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण भी मिलेगा।

# हरियाणवीं संस्कृति की दिखी झलक

■ चीका के राकवमा स्कूल में खंड स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का किया भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला चीका

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका में आज ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया। जिसमें कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह का प्राचार्य अशोक कुमार ने स्टाफ के साथ स्वागत किया। विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, हरियाणवी लोक रागनी, एकल नृत्य, व लघु नाटिका (स्किट) जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, नैतिक मूल्यों एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर विषयों को रोचक अंदाज़ में मंच पर प्रस्तुत किया।




गुहला चीका। हरियाणा की माटी से जुड़ी प्रस्तुतियों में अपना हुनर सांस्कृतिक मंच पर रगा रंग प्रोग्राम करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिस्पर्धा की भावना रखें

प्राचार्य अशोक कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों के भीतर प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, बल्कि वे अपनी संस्कृति और विरासत पर गर्व करना भी सीखते है। इस अवसर पर खंड शिक्षा कार्यालय से सहायक जोगिंदर सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

**सरकार व प्रशासन पर साधा निशाना**

## रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का बाढ़ ग्रस्त गांवों का किया दौरा

# प्रति एकड़ किसानों 70 हजार मिले मुआवजा

■ गुहला-चीका के गांवों में हुए नुकसान का लिया जायजा, कहा- भाजपा सरकार कर रही किसानों की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुहला क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर किसानों की हालात का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने सरकार से ₹70,000 प्रति एकड़ मुआवजे की मांग करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने गांव भागल, भूंसला, मंझेड़ी, मैंगड़ा, रत्ता खेड़ा , सिहाली, सरकपुर, सदरेहड़ी और टटियाना का दौरा कर खेतों में जाकर किसानों से बात की और उनकी समस्याएं सुनीं।

हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों को नुकसान पर उचित मुआवजा मिलता था, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा ₹7,000 से ₹15,000 प्रति एकड़ मुआवजा तय किया गया है, जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार ₹20,000 प्रति एकड़ का मुआवजा दे रही है। उन्होंने इसे अपर्याप्त और भेदभावपूर्ण बताया।



गुहला-चीका। किसानों से बातचीत करते हुए दीपेंद्र सिंह हुड्डा फोटो : हरिभूमि

### ऐसी स्थिति से निपटने को हो स्थाई समाधान

उन्होंने मांग की कि किसानों को बर्बाद फसलों के लिए ₹70,000 प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए, ताकि वे फिर से खेती कर सकें और अपने परिवारों का भरण-पोषण कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को बाढ़ जैसे हालातों से निपटने के लिए स्थायी समाधान निकालना चाहिए और ऐसी स्थिति से बचाव के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। इस दौरान गुहला विधायक देवेंद्र हंस भी मौजूद रहे। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे स्वयं किसानों के खेतों का निरीक्षण कर सरकार तक उनकी समस्याएं पहुंचाएंगे।

# लेखन कौशल व चिंतन शक्ति विकास का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

डी.ए.वी. कॉलेज, चीका के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. नेहा बंसल ने किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को अपने विचार अभिव्यक्त करने और लेखन कौशल को निखारने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में छात्रों को कई विचारोत्तेजक विषय दिए गए, जिनमें शिक्षा, करियर और व्यक्तिगत विकास में अंग्रेज़ी की भूमिका; आधुनिक शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका; महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका; राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका; सोशल मीडियाः वरदान या अभिशाप; तथा विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन का महत्व शामिल थे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उनकी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति तथा समसामयिक मुद्दों पर जागरूकता की सराहना की।

**सूचना**

मैं, दिलभाग पुत्र छैल्लू निवासी गांव मखण्ड, तहसील उचाना कलां, जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अजय मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### जिला अग्रणी बैंक ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कैथल।** जिला अग्रणी बैंक कैथल द्वारा गांव दुमाड़ा में पंजाब नेशनल बैंक कैलरम के सहयोग से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को सुरक्षा बीमा योजनाओं के बारे में अवगत करवाया तथा मौके पर उपस्थित सभी को दस्ताने आदि उपलब्ध करवाए गए। इस मौके पर कलायत खंड की बीडीपीओ कुमारी ऋतु, ग्राम सरपंच कुशल पाल, राजकीय स्कूल दुमाडा के मुख्याध्यापक रमेश कुमार, एलडीएम एस के नंदा आदि रहे।

### दीपक बुडायन बने संकल्प अभियान के जिला संयोजक

**उचाना।** भाजपा नेता दीपक बुडायन को आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान जिला टोली में सह-जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। दीपक बुडायन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, सीएम नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, अर्चना गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढूल का आभार प्रकट किया।

### जींद के पांच गांव हुए प्लास्टिक मुक्त घोषित

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला जींद में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला प्रशासन द्वारा गांवों गुरथली, रसीदां, रोजखेड़ा, कटवाल तथा खरकड़ा को प्लास्टिक मुक्त घोषित किया है। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत जागरूकता, भागीदारी और सामुदायिक प्रयासों का सार्थक परिणाम है। एडीसी ने बताया कि इन सभी पांचों गांवों में एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह समाप्त किया गया।

### ऑटो व ई-रिक्शा चालकों को किया जागरूक

**कैथल।** सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश की अगुवाई में ट्रैफिक थाना की टीम ने वीरवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। ट्रैफिक थाना एसएचओ इंस्पेक्टर नरेश कुमार अपनी टीम सहित बस स्टैंड कैथल के समीप ऑटो स्टैंड पहुंचे और वहां मौजूद ऑटो तथा ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पुलिस टीम ने चालकों को संदेश दिया कि सड़क पर लापरवाही से वाहन चलाना स्वयं की जान और दूसरों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

**जुलाना।** जुलाना की परशुराम धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर मुख्यातिथि के रूप में जुलाना विधानसभा से प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। शिविर में 97 युवाओं ने रक्तदान किया। योगेश ने कहा कि रक्त को बनाया नहीं जा सकता है। इससे केवल मानव शरीर से ही पैदा किया जात सकता है। हमें रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करना बड़े ही पुण्य का काम है।

## सात से आठ हजार लोगों के सामने को पीने का पानी का संकट

# ठेकेदार के कर्मचारियों ने तोड़ी पानी की पाइप लाइन

**पानी के लिए मचा हाहाकार, ग्रामीणों ने जताया रोष, ठेकेदार के कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग, जल्द हो समस्या का समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



अलेवा। डाहौला गांव में पोल लगाने के लिए मशीन से खुदाई करते निगम ठेकेदार के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

बिजली निगम ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा डाहौला गांव में पीने के पानी की पाइप तोडने के मामले में जन स्वास्थ्य विभाग जींद के एसडीओ ने शिकायत अलेवा थाना में दी है। हालांकि अभी तक पुलिस ने थाने में शिकायत पहुंचने से इंकार किया है।

अलेवा थाना में दी शिकायत में जलापूर्ति विभाग जींद के एसडीओ रणबीर सिंह ने बताया कि बिजली निगम ठेकेदार कर्मचारियों द्वारा डाहौला गांव की गलियों में मशीन के साथ खोदकर बिजली के पोल खड़े किए जा रहे हैं। ठेकेदार कर्मचारियों ने पोल आदि लगाते समय चार से पांच जगहों पर जन स्वास्थ्य विभाग की पानी की मुख्य पाइप लाइन को तोड़ दिया है। यह लाइन पूरे डाहौला गांव में पीने के पानी की सप्लाई कर रही है। इसके टूटने से सात से आठ हजार आबादी वाले गांव को पीने का पानी नही मिल रहा है। यही नहीं उक्त ठेकेदार के कर्मचारियों ने पोल लगाने से पूर्व विभाग से किसी प्रकार की कोई लिखित अनुमति नहीं ली है। जिससे पूरे गांव में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। एसडीओ ने शिकायत के माध्यम से पुलिस को बताया कि जिन ठेकेदार कर्मचारियों द्वारा पीने के पाइप लाइन को तोड़ा है। उनसे पाइप लाइन को उनके खर्चे पर जुड़वा कर चालू करवाया जाए ताकि गांव के लोगों को पीने के पानी मामले में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। पुलिस से जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ने ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा जो विभागीय संपति को नुकसान पहुंचाया है। उनके खिलाफ सख्त से सख्त से कार्रवाई करने की मांग की है।

**नहीं मिली शिकायत : आत्मा राम**

अलेवा थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि फिलहाल जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ की तरफ से डाहौला गांव में पीने के पानी की पाइप तोडने के मामले में किसी प्रकार की शिकायत नही पहुंची है। शिकायत मिलती है तो पुलिस द्वारा तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी।

**इन पर लगाया आरोप**

बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आन्नद कुमार ने बताया कि डाहौला गांव में कंपनी के कर्मचारियों द्वारा बिजली के पोल लगाते समय पीने के पानी की पाइप तोडने का मामला उनके संज्ञान में है। कंपनी कर्मचारियों को पीने के पानी की पाइप लाइन को दुरस्त करने के लिए बोला है।

**विभाग कर रहा दुरस्त : जेई**

जन स्वास्थ्य विभाग जींद के जेई रोहित ने बताया कि एसडीओ की तरफ से डाहौला गांव में पीने के पानी की पाइप लाइन को निगम ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा पोल लगाते समय तोडने की शिकायत ठेकेदार कर्मचारियों के खिलाफ लिखित में अलेवा थाने में दी है। हालांकि ठेकेदार कर्मचारियों द्वारा अभी तक लाइन को दुरस्त नहीं करने के चलते जन स्वास्थ्य विभाग अपने स्तर पर लाइन को ठीक करवा रहा है ताकि लोगों को पीने के पानी मामले में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

## जाट धमार्थ सभा के प्रधान बने फूल कुमार

- उप प्रधान पद पर किताब सिंह भनवाला रहे विजयी, सदस्य बने जोगेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। प्रधान बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए कार्यकर्ता।

जाट धमार्थ सभा प्रधान पद को लेकर चुनाव वीरवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रधान पद के लिए ईश्वर सिंह, फूल कुमार और बलजीत सिंह नरवाल चुनाव लड़ रहे थे। इसमें फूल कुमार को 53 मत मिले। जबकि ईश्वर सिंह को 50 मत मिले व बलजीत सिंह को एक मत मिला। इसमें फूल कुमार प्रधान चुने गए। उप प्रधान के लिए किताब सिंह व बलजीत सिंह मैदान में थे। इसमें किताब सिंह भनवाला को 53 तो बलजीत को 48 मत मिले। कितान सिंह भनवाला उप प्रधान बनने में कामयाब रहे। जनरल सेक्रेटरी के लिए सुरजीत धनखड़ व ओम सिंह श्योकंद चुनाव मैदान में थे। इसमें सुरजीत धनखड़ को 52 तो ओम सिंह श्योकंद को 50 मत मिले। सुरजीत धनखड़ जनरल सेक्रेटरी चुने गए। सचिव पद के लिए यादवेंद्र खर्ब व राजकुमार चुनाव मैदान में थे। इसमें यादवेंद्र खर्ब को 60 तो राजकुमार को 41 मत मिले। यादवेंद्र खर्ब सचिव पद पर जीते। ट्रेजर पद के लिए बलवंत सिंह व राजपाल सिंह के बीच मुकाबला था। इसमें बलवंत सिंह को 57 मत मिले जबकि राजपाल को 46 मत मिले। इसमें बलवंत सिंह विजयी रहे। जबकि सदस्य पद के लिए जोंगेंद्र सिंह विजयी रहे। गौरतलब है कि जाट धर्मशाला प्रधान पद को लेकर काफी लंबे समय से रार चली आ रही थी। कुछ समय पहले कॉलेजियम के चुनाव हुए थे। जिसमें कॉलेजियम चुन लिए गए। वीरवार को प्रधान पद व अन्य कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जैसे ही चुनाव के नतीजे घोषित हुए तो फूल कुमार समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## टीबी मरीज को बांटी विधायक ने पोषण किट, किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक

- सशक्त नारी स्वस्थ परिवार अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। टीबी मरीज को पोषण किट प्रदान करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्जनपुर का निरीक्षण विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा किया गया। विधायक ने जगबीर उदयपुर टीबी मरीज को गोद लेकर उसे पोषण किट प्रदान की। सशक्त नारी स्वस्थ परिवार अभियान का शुभारंभ करने के बाद पौधारोपण कर किया गया। विधायक ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करना और उन्हें सही पोषण प्रदान करना है। प्रारंभिक जांच को मजबूत करना, स्वास्थ्य सेवाओं तक अधिक पहुंच सुनिश्चित करना और रोकथाम पर विशेष ध्यान देना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। इसके तहत समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा दी जाएगी और परिवारों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस तरह के कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं बल्कि ये समाज में एकता, सहयोग और परोपकार की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।

## सालों से जर्जर जिला कांग्रेस भवन का निर्माण कार्य शुरू

- वर्षो से कांग्रेस भवन अपने जीर्णोद्वार की जो रहा था बाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कांग्रेस भवन की जर्जर हालात को ठीक करने में लगे मजदूर व मिस्त्री। फोटो :हरिभूमि

शहर में पुराना बस अड्डे के साथ जेडी सात मार्ग पर शहर की पॉश कालोनी के नुक्कड़ पर बने जिला कांग्रेस भवन का निर्माण कार्य गुरूवार से शुरू हुआ है। वर्षों से कांग्रेस भवन अपने जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा था लेकिन कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई तो किसी ने भी इस भवन की सुध नही ली। अब कांग्रेस पदाधिकारियों की नियुक्तियां धीरे-धीरे हो रही हैं। ऐसे में करोड़ों रुपये की इस भवन की जर्जर हालात को भी ठीक करवाया जा रहा है। पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भी इस भवन की जर्जर हालात को जल्द ठीक करवाने की बात कही थी। जिस पर अब यह कार्य शुरू हो गया है। गौरतलब है कि शहर की प्राइम लोकशन पर बने कांग्रेस जिला कार्यालय खंडहर में तब्दील हो चुका था। कार्यालय की चार दिवारी गिर चुकी थी तो दरवाजे भी टूट चुके थे। पार्क में झाड़ झखाड़ उग आए। गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। हालात यहां तक थे कि कांग्रेस संगठन के बड़े नेता पार्टी कार्यालय में बैठक करने की बजाय रैस्ट हाउस को प्राथमिकता देते रहे।



पूंडरी। श्वेता स्कूल की छात्रा दीपांशी रानी स्कूल स्टाफ के साथ।

## श्वेता स्कूल की छात्रा दीपांशी रानी का वर्धमान मेडिकल कॉलेज दिल्ली में चयन

पूंडरी। श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल पूंडरी की छात्रा दीपांशी रानी ने ऑल इंडिया नीट परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दीपांशी ने परीक्षा में 2873 ऑल इंडिया रैंक और 228 कैटेगरी रैंक हासिल कर वर्धमान मेडिकल कॉलेज, दिल्ली में दाखिला पाया। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन ने उनके निवास स्थान पर जाकर छात्रा और उनके अभिभावकों का सम्मान किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। दीपांशी रानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों और श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी समय देखकर नहीं, बल्कि अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर मेहनत की और उसी समर्पण ने उन्हें यह मुकाम दिलाया। स्कूल प्रबंधक दीपक वालिया ने दीपांशी की इस सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि उनकी लगन, परिश्रम और अनुशासन का यह परिणाम है। अभिभावकों की भी सराहना करते हुए कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए उनका सहयोग करें।

## पर्यावरण विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



कलायत। कलायत के सरकारी स्कूल में प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षक वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पर्यावरण विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य रामगोपाल शर्मा ने किया। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन अर्थशास्त्र विषय प्राध्यापक विश्व प्रताप सिंह ने किया। प्रतियोगिता के लिए सात राउंड निर्धारित किए गए थे। प्रतियोगिता में स्कोरर का जिम्मा संस्कृत विषय प्राध्यापक कपिल देव के हाथ में रहा। इस दौरान हिंदी प्राध्यापक सुरेंद्र कुमार ने निरीक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि कुल छह टीमों में से टीम बी ने बाजी मारी। इस टीम में मुस्कान, मानसी और मन्नत मुख्य प्रतियोगी रही। दूसरे स्थान पर टीम डी व ई रही। इसके उपरांत टीम का चयन जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए हो गया। इस अवसर पर गुरनाम सिंह,

## धान और बाजरे की ख़रीद तुरंत शुरू करें सरकार

- किसानों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। कैथल के लघु सचिवालय में धरना देते किसान। फोटो :हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने धान की सरकारी खरीद शुरू न करवाने को लेकर किसानों ने वीरवार को 10 बजे से 4 बजे तक जिला सचिवालय कैथल पर युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना व जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता में सांकेतिक रूप से भुख हड़ताल करके सरकार विरोधी नारेबाजी कर जमकर रोष प्रदर्शन किया। भाकियू चढ़ूनी के युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट, जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल, प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह चीका के नेतृत्व में एसडीएम अजय सिंह कैथल के मार्फत मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम धान व बाजरे की सरकारी खरीद तुरंत शुरू करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित नीति धान खरीद (पोलसी) में हर वर्ष धान की सरकारी खरीद 1 अक्टूबर से शुरू की जाती है, जोकि हरियाणा व पंजाब में काफी लेट मानी जाती है, क्योकि जब 1अक्टूबर के खरीद के नियम बनाए गए थे उस समय देशी बीज व लम्बी समय आवधि के बीज लगाए जाते थे जोकि देर से पकते थे अक्टूबर में मंडियो मे आते थे। मंडियो में यह धान सितंबर के दूसरे सप्ताह में आने शुरू हो चुकी है केंद्र सरकार की धान खरीद नीति के अनुसार 1अक्टूबर तक किसानो का काफी धान निजी व्यापारी औने पौने दामों पर बिक जाता है। जिससे किसानो को भारी आर्थिक नुकसान होता है,ओर वह आर्थिक संकट में फंसता चला जा रहा है।

**ये रहे मौजूद**

इस धरने पर किसान नेता महाबीर चहल, केवल सिंह सिद्धू, रणधीर बरसाना,गुरबचन हरिगढ़, सुभाष बदराणा, नरेंद्र मागो, बलिंद्र हजवाना, सतपाल पुंडरी, मोनी सिकंदर खेड़ी, सुरेन्द्र बरटा,पिरथी कौल, कृष्ण मालखेड़ी,शीलू गोलन, नरेंद्र फरल,सुरेन्द्र पयौदा,किनदर चीका, जरनैल सिंह जैली सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## कन्या विद्यालय में जागरूकता और व्यवसायिक शिक्षा पर लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। सीवन के कन्या स्कूल में कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

नगर के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसक्यूएफ व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत आत्म-जागरूकता एवं व्यवसायिक शिक्षा पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्म-जागरूकता की भावना को बढ़ाना, उन्हें अपनी रुचियों, क्षमताओं और कौशल को पहचानने के लिए प्रेरित करना तथा भविष्य के लिए सही दिशा चुनने में मार्गदर्शन देना रहा। शिविर में कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं के लिए प्रारंभिक व्यवसायिक शिक्षा तथा कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्राओं के लिए वोकेशनल एजुकेशन जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आत्म-जागरूकता, करियर विकल्पों और जीवन कौशल संबंधी जानकारियां छात्राओं को दी गईं। इन गतिविधियों को छात्राओं ने बड़े उत्साह से आत्मसात किया। आयोजन में वोकेशनल अध्यापिकाएं नीतू और अमनदीप ने सहयोग किया।

### पीएम श्री राजकीय स्कूल बडनपुर की दो छात्राओं का निबंध प्रतियोगिता में जिला स्तर पर हुआ चयन

**नरवाना।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राओं का निबंध प्रतियोगिता में जिला स्तर पर चयन होने से विद्यालय में खुशी का माहौल है। यह जानकारी देते हुए स्कूल के प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ब्लॉक उचाना में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें निबंध प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा इंदिरा पुत्री महेंद्र सिंह 9 से 12 में तथा विद्यालय की छात्रा सीमा पुत्री सुरेंद्र सिंह 6 से 8 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब यह दोनों छात्राएं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लगी लेगी। टीम इंचार्ज निशा शर्मा एवं नेहा जांगड़ा ने बताया की दोनों बच्चों को पूरा निबंध याद था। गांव सरपंच गगनदीपए एमसी के प्रधान नानूरामए उप प्रधान कविता देवी ए पिंकी देवीए पंच टिंकूए कुलदीप सिंह आदि ने दोनों छात्रों को बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया

# विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**कार्यशाला का संचालन प्रतिष्ठित ट्रेनर ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यशाला को संबोधित करते हुए ट्रेनर डॉक्टर संजय चुघ।

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में शिक्षकों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास को ध्यान में रखते हुए त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा प्रबंधन, हैप्पी क्लासरूम तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना था। यह कार्यशाला विद्यालय के उच्च मानकों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के संकल्प का परिचायक है। प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन प्रतिष्ठित ट्रेनर डॉक्टर संजय चुघ ने हैप्पी क्लास रूम की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि यदि कक्षा में विद्यार्थियों के लिए अनुकूल, सुरक्षित व प्रेरणादायक वातावरण होगा तो उनका सीखने का स्तर स्वतः ऊंचा उठेगा। उन्होंने कक्षा प्रबंधन की नई तकनीकों, अनुशासन बनाए रखने की रचनात्मक विधियों तथा छात्र.छात्राओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आपसी सहयोग की संस्कृति विकसित करने पर बल दिया। शिक्षकों को समूहगत गतिविधियों, चार्ट और वीडियो के माध्यम से यह बताया गया कि किस प्रकार बच्चों की रुचि के अनुरूप शिक्षण कार्य किया जा सकता है। इससे न केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि उनका शैक्षणिक प्रदर्शन भी मजबूत होता है। प्रतिष्ठित ट्रेनर मिताली ने पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने पर विशेष बल दिया गया और शिक्षकों को जागरूक किया।

**हैप्पी क्लासरूम और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण समय की मांग**

*विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने इस अवसर पर कहा कि विद्यालय सदैव अपने शिक्षकों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। त्रिदिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यशाला इसी दिशा में हमारा एक और सशक्त कदम है। हैप्पी क्लासरूमए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और पर्यावरण जैसे विषय समय की मांग हैं। यदि हमारे शिक्षक इन्हें अपने दैनिक शिक्षण कार्य में अपनाते हैं तो न केवल बच्चों की शिक्षा स्तर ऊंचा होगाए बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित होगी। प्राचार्य ने आगे कहा कि शिक्षक समाज के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। जब शिक्षक प्रेरितए प्रशिक्षित और संवेदनशील होंगेए तभी समाज और राष्ट्र में सकारात्मक बदलाव आएगा।*